दिनांकः 08.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रूस और ऑस्ट्रिया की तीन दिन की यात्रा पर रवाना हुए। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह यात्रा रूस और ऑस्ट्रिया के साथ संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बेहतरीन अवसर होगा। श्री मोदी ने कहा कि वह इन देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने को उत्सुक हैं। रूस में प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। ऑस्ट्रिया की उनकी यह पहली यात्रा होगी।

000

नीट–यूजी परीक्षा से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की जा रही है। इसमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने 26 याचिकाएं सुनवाई के लिए रखी गई हैं। विद्यार्थियों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित गड़बड़ियों की अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर किसी भी तरह की गड़बड़ी का कोई सबूत नहीं मिला है, ऐसे में नीट परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की कोई जरूरत नहीं है। केन्द्र ने यह भी तर्क दिया है कि दोबारा परीक्षा कराने से लाखों परीक्षार्थियों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

000

जोधपुर के सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा और दांडिक न्याय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र कर रहे हैं। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम भी मौजूद हैं। समारोह में 10 को स्वर्ण पदक सहित 204 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जा रही हैं।

000

भरतपुर में मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज जागरुकता रथ रवाना किया गया। इस दौरान स्वच्छता शपथ भी दिलवाई गयी और लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पौधे भी वितरित किये गये। वहीं जैसलमेर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत आज पौधरोपण किया गया। शाहपुरा में आज मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान का आगाज हुआ। विधायक लालाराम बैरवा ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। वहीं अभियान के तहत कल हनुमानगढ़ जिले के लोंगवाला पंचायत में 51 सौ पौधे लगाये गये। जिला कलेक्टर कानाराम ने बताया कि अभियान के तहत अन्य पंचायतों में भी सघन वृक्षारोपण किया जाएगा।

000

जयपुर शहर में चलने वाली लो फ्लोर बसों में अब विद्यार्थियों को किराए में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। फिलहाल ये छूट आई कार्ड दिखाने पर मिलेगी। इसके बाद जे.सी.टी.एस.एल. का स्मार्ट कार्ड अनिवार्य होगा। इसके साथ ही जे.सी.टी.एस.एल. ड्राइवर और कंडक्टरों के परिवार के सदस्य अब लो फ्लोर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए पास जारी किये जाएंगे।

000

जयपुर जिले के शाहपुरा क्षेत्र में अलवर पुलिया के पास आज तड़के रोडवेज बस और ट्रेलर की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में 20 लोग घायल हो गये। शाहपुरा थाना प्रभारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 11 लोगों को जयपुर रैफर किया गया है। बस दिल्ली से जयपुर आ रही थी।

000

प्रदेश में मॉनसून की बरसात का दौर जारी है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज भी राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। भरतपुर और दौसा जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। दौसा के बांदीकुई और भरतपुर के भुसावर में सबसे ज्यादा 9–9 सेंटीमीटर पानी बरसा। सिकराय, बसेड़ी, धौलपुर, चाकसू, महवा और सवाईमाधोपुर सहित अन्य स्थानों पर भी अच्छी बारिश के बरसात के समाचार हैं। अलवर में गर्मी और उमस के बाद आज हो रही तेज बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है।

000

अजमेर में कल से सात दिवसीय जगन्नाथ महोत्सव की शुरूआत हुई। 16 जुलाई तक चलने वाले इस महोत्सव में रोजाना अलग–अलग कार्यक्रम होंगे। उधर, कामां में कल विभिन्न मंदिरों से भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली गयी।

000